# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 24.07.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **नीट पेपर लीक प्रदर्शन मामले पर केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा से मिले कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधि– संसद में भी गतिरोध जारी।**
- **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने देश में तीन केमिकल पार्क बनाने के लिए भव्य रसायन योजना को मंजूरी दी।**
- **राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने नशामुक्ति के लिए महीनेभर का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।**
- **राज्य के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में अगले दो दिन कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना–मौसम विभाग ने कल सभी जिलों के लिए बरसात का अलर्ट जारी किया।**

0000

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह सहित कई अन्य भाजपा नेताओं तथा कॉकरोच जनता पार्टी – सीजेपी के प्रतिनिधियों के बीच आज दूसरे दौर की बातचीत नई दिल्ली के कॉन्सटीट्यूशन क्लब में हुई। परीक्षाओं में कथित गडबड़ियों को लेकर युवाओं के नेतृत्व में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में हुए महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के बाद ये वार्ता हुई। सरकार की ओर से सी.जे.पी. की दो शर्तों को स्वीकार करने के बाद ये बातचीत आगे बढ़ी। सी.जे.पी. की ओर से सौरव दास और आशुतोष रांका ने श्री नड्डा को अपनी मांगे बतायी। इसमें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने और हाल में हुई परीक्षाओं में अनियमितताओं से प्रभावित विद्यार्थियों के परिवारों मुआवजा देने की मांग शामिल है। मीडिया से बातचीत में श्री नड्डा ने कहा कि सरकार कल प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की चर्चा करेगी।

000

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नीट–यूजी पेपर लीक मामले के बाद सुधारों को लागू करने में हुई प्रगति पर आज एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हलफनामे में सुधारों को संस्थागत रूप देने के लिए उठाए गए कदमों का स्पष्ट विवरण होना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर कड़ी निगरानी रखेगी और नियमित रूप से इसकी समीक्षा करती रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर बल दिया है कि परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए एक सख्त विधेयक लाने में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। संसद परिसर में श्री रिजिजू ने कहा कि देश भी यही चाहता है और विधेयक के पारित होने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष इस मुद्दे पर संसदीय कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है, तो उसे देश के युवाओं के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।

........................

इस बीच कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेपर लीक से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के निर्णय की सराहना की है। श्री मेघवाल ने मीडिया से कहा कि इन अदालतों में मामलों की सुनवाई प्रतिदिन होगी।

000

संसद के दोनो सदनों में आज पांचवें दिन भी हंगामा जारी रहा। नीट पेपर लीक मामले पर चर्चा को लेकर तथा अन्य विषयों पर विपक्ष के शोर–शराबे के बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार–बार स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद दोनों सदनों के काम–काज को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार सत्र के पहले दिन से ही नीट पेपर लीक मामले पर चर्चा के लिए तैयार है, किन्तु विपक्ष बिना किसी ठोस शर्त के चर्चा में भाग नही ले रहा है।

राज्यसभा में विपक्ष के शोर–शराबा के बीच गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय ने वन्दे मातरम् बिल पेश किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री गतिशक्ति, राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए 1264 करोड़ रूपये की मल्टीट्रेकिंग परियोजना को मंजूरी दी गई। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बैठक के अहम निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए **भारत औद्योगिक विकास रसायन– भव्य रसायन योजना** को भी मंजूरी दी है। इस योजना की घोषणा 2026–27 के केंद्रीय बजट में की गई थी। इसके तहत तीन प्लग एण्ड प्ले केमिकल पार्क स्थापित किये जायेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जल संचय और जल भागीदारी पर ज़ोर दिया है। श्री शर्मा आज जयपुर में आयोजित राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नवाचारों से राजस्थान जल प्रबन्धन के क्षेत्र में राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक जल प्रबन्धन और हर घर जल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना, ऐतिहासिक यमुना जल समझौते और नर्मदा अवार्ड समझौते ने प्रदेश में जल सुरक्षा के नए युग की शुरुआत की है।

000

नशा मुक्त राजस्थान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज जयपुर में नशा मुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और भावी कार्य योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। **उन्होंने मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को इसके लिए जल्द परिपत्र जारी करने और** नशा मुक्ति के लिए राज्य में महीनेभर का विशेष अभियान चलाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए सभी स्तरों पर जवाबदेही तय की जाए। श्री बागड़े ने कहा कि विश्वविद्यालयों में भी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने सीमा क्षेत्र में ड्रोन से नशीले पदार्थों को भेजे जाने पर चिंता जताते हुए इस संबंध में जल्द प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर आज कोटपूतली पहुंचे। उन्होंने राजकीय बी.डी.एम. अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। चिकित्सा मंत्री ने विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केन्द्र पर डॉक्टरों की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए संसाधनों की कमी भी नहीं होनी चाहिए।

..................

बांसवाड़ा के महात्मा गांधी जिला अस्पताल में आज से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव सखी व्यवस्था की शुरूआत कर दी गई है।

000

राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओ.बी.सी. परिवारों के राजनैतिक प्रतिनिधित्व संबंधी सर्वे की आखिरी तारीख बढ़ाकर 26 जुलाई कर दी है। आयोग के सचिव अशोक कुमार जैन ने इस बारे में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर सर्वे का काम पूरा करने को कहा है। गौरतलब है कि राजधारा सर्वे मोबाइल एप के माध्यम से 10 जुलाई से शुरू हुआ सर्वे का काम 23 जुलाई तक करीब 70 फीसदी ही पूरा हो पाया। इसे देखते हुए सर्वे की अवधि को बढ़ाया गया है। इस बीच भीलवाड़ा में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर निकाय चुनावों से जुड़ा काम पूरा कर लिया गया है।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा–2026 आयोजित की गई। बोर्ड की ओर से महिला और बाल विकास विभाग में 72 पदों के लिए ये परीक्षा ली गई। सभी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर एक पारी में ये परीक्षा शांतिपूर्ण हुई।

000

राज्य के पूर्वी और पूर्वी–दक्षिणी हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग में गरज–चमक के साथ बरसात का अलर्ट बताया है। साथ ही कोटा, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी बारिश की गतिविधियां जारी रहने का अनुमान है। बीते चौबीस घंटों में भी राज्य के पूर्वी और पश्चिमी भागों में मध्यम से तेज़ पानी बरसा। बांसवाड़ा में आज सुबह से ही बरसात का दौर बना हुआ है। माही डेम में पानी की आवक लगातार बढ़ रही है। भीलवाड़ा में भी रिमझिम बारिश हो रही है। पाली ज़िले के सादडी, देसूरी और नानबेड़ा सहित कई जगह पिछले तीन दिनों से बारिश का सिलसिला रूक–रूक कर बना हुआ है। जवाई बांध सहित विभिन्न स्त्रोतों में पानी की आवक लगातार जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल 39 जिलों में यलो और जालौर तथा सिरोही में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

000